## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

# रिजर्व पुलिस लाइन्स सीतापुर में धूमधाम व गरिमामय माहौल में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**दिनांक: 15.08.2026**

आज दिनांक 15 अगस्त 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर **रिजर्व पुलिस लाइन्स, सीतापुर** के प्रांगण में भव्य, गरिमामय एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर **मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राकेश राठौर 'गुरु' जी** उपस्थित रहे। पुलिस लाइन्स आगमन पर मुख्य अतिथि महोदय का **जिलाधिकारी सीतापुर डॉ. राजा गणपति आर.** एवं **पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल** द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

**तत्पश्चात्** मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सम्मानपूर्वक राष्ट्रध्वज फहराया गया। इसके उपरांत सुसज्जित पुलिस गार्द द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी (सलामी शस्त्र) दी गई तथा उपस्थित सभी अधिकारियों, पुलिस कर्मियों एवं नागरिकों द्वारा एक सुर में राष्ट्रगान का गायन किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति के तरानों से गुंजायमान हो उठा। ध्वजारोहण के उपरांत अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री राकेश राठौर 'गुरु' जी ने समस्त जनपदवासियों एवं पुलिस परिवार को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि *"देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस बल का योगदान अत्यंत सराहनीय है। हमें सदैव पूरी निष्ठा और ईमानदारी से राष्ट्र सेवा में समर्पित रहना चाहिए।"*

इस अवसर पर एडीएम महोदय, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, विभिन्न शाखाओं के प्रभारी, भारी संख्या में पुलिस बल के जवान व रिक्रूट पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

**उत्कृष्ट सेवा सम्मान व पुरस्कार वितरण:** संबोधन के पश्चात मुख्य अतिथि महोदय, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जो निम्नलिखित हैं:-

- स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिये **पुलिस महानिदेशक उ०प्र० महोदय द्वारा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान** किया गया है-
    1) श्री कुलदीप कुमार गुप्ता, निरीक्षक गोपनीय
    2) श्री प्रदीप कुमार सिंह, निरीक्षक

3) श्री सतीशचन्द्र, उपनिरीक्षक ना०पु०

- ऑपरेशनल कार्यों के लिये मु०आ० अमरेन्द्र कुमार द्विवेदी को **पुलिस महानिदेशक उ०प्र० का प्रशंसा चिन्ह व स्क्रोल प्रदान** किया गया है।

स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर जनपद में नियुक्त निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों को **पुलिस महानिदेशक यू०पी० 112 लखनऊ द्वारा बेहतर रिस्पांस टाइम व सराहनीय कार्य करने के लिये प्रशस्ति पत्र** प्रदान किया गया है:-

- पीआरवी ऑफ द डे पीआरवी 6062 टीम- हत्या के अभियुक्तों को घटनास्थल के पास से पकड़कर थाने को सुपुर्द किये जाने का सराहनीय कार्य किया गया -
  1) कमाण्डर मु०आ० रामअवध राम
  2) सब-कमाण्डर आरक्षी सचिन गंगवार
  3) पायलट मु०आ० भूपेन्द्र वर्मा

- जनपद मे उत्कृष्ट रिस्पांस टाइम दो पहिया पीआरवी 7700 टीम-
  1) कमाण्डर आरक्षी आदर्श गौतम
  2) कमाण्डर आरक्षी प्रशांत कुमार
  3) कमाण्डर आरक्षी निजाम हुसैन
  4) पायलट हो०गा० ज्ञान प्रकाश पाण्डेय
  5) पायलट हो०गा० नुसरत अली

- राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर जनपद में नियुक्त **कुल 52 महिला पुलिसकर्मियों के सराहनीय/प्रशंसनीय योगदान लिये श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, सीतापुर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान** किया गया है।

कार्यक्रम का समापन अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।














ANKUR AGARWAL









पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह-स्वर्ण
श्री अमरेन्द्र कुमार द्विवेदी
ANKUR AGARWAL


ANKUR AGARWAL
BEST PERFORMER
उत्कृष्ट कार्य एवं कर्तव्यनिष्ठा हेतु
म.आ. पारूल पटेल
सीतापुर पुलिस


ANKUR AGARWAL


ANKUR AGARWAL
BEST PERFORMER
म.आ. आकांक्षा दुबे
सीतापुर पुलिस


ANKUR AGARWAL


ANKUR AGARWAL
BEST PERFORMER
सीतापुर पुलिस


ANKUR AGARWAL
BEST PERFORMER
सीतापुर पुलिस